दिनांकः 05.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकर ने संसद के बजट सत्र–2026 को तीन दिनों के लिए बढ़ाने का निर्णय लियां
- ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम के लिए देशभर में 10 अप्रैल से रोड शो आयोजित किये जाएंगें
- राज्य सरकार ने रबी विपणन सत्र 2026–27 के लिए एमएसपी पर गेहूं खरीद के नये दिशा–निर्देश जारी कियें
- एसआई भर्ती परीक्षा–2025 आज और कल प्रदेशभर के 1 हजार 174 केन्द्रों पर आयोजित की जा रही हैं

..........................................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले 2023 में पारित कानून को 2029 से लागू करवाने के लिए संसद का बजट सत्र तीन दिन बढ़ा दिया गया हैं केरलम में एक चुनावी रैली में श्री मोदी ने कहा कि बजट सत्र 16, 17 और 18 अप्रैल को फिर आयोजित होगां प्रधानमंत्री ने सभी दलों से महिला सशक्तिकरण से जुड़े इस मुद्दे का पूर्ण समर्थन करने का आग्रह भी कियां

..........................................................................................................

प्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम–2026 के लिए देशभर में रोड शो आयोजित किये जाएंगें इनके माध्यम से एग्रीटेक कंपनियों, स्टार्टअप्स और शोध तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों को ग्राम में आमंत्रित किया जाएगां कृषि और उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने बताया कि ये रोड शो 10 अप्रैल से शुरू होंगें ये 10 तारीख को जयपुर, 17 अप्रैल को दिल्ली, 24 अप्रेल को अहमदाबाद, 6 मई को हैदराबाद और 8 मई को पुणे में आयोजित होंगें इसके जरिये राज्य के कृषि क्षेत्र में उपलब्ध निवेश संभावनाओं और विभिन्न पहलों की जानकारी दी जाएगीं ग्राम–2026 एक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन हैं इसमें प्रदेशभर से 75 हजार से अधिक किसानों के शामिल होने की संभावना हैं ये आयोजन 23 से 25 मई को होगां

..........................................................................................................

प्रदेश में अटल ज्ञान केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आधुनिक लाइब्रेरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पंचायत स्तर पर ही कर सकेंगें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर में हुई एक बैठक में अटल ज्ञान केन्द्रों पर उपयोगी पत्र–पत्रिकाओं, पुस्तकों और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों पर ई–मित्र सेवाएं और ऑनलाइन क्लासेस की सुविधा विकसित की जाएं श्री शर्मा ने कहा कि अटल ज्ञान केन्द्रों के नये भवनों के निर्माण में गुणवत्ता और उपयोगिता का विशेष ध्यान रखा जाएं साथ ही प्रत्येक केन्द्र को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएं

..........................................................................................................

पाली सांसद पीपी चौधरी कल जिले के प्रवास पर रहें मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि देश में बार–बार चुनाव होने से विकास की प्रक्रिया बाधित होती हैं ऐसे में वन नेशन–वन इलेक्शन सभी के लिए फायदेमंद हैं उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर एक राष्ट्र–एक चुनाव का समर्थन करना चाहिएं

..........................................................................................................

दुनियाभर में आज ईस्टर मनाया जा रहा हैं यह अवसर प्रार्थना, पश्चाताप और प्रभु यीशु मसीह के जीवन के अंतिम चरण को याद करने के पवित्र सप्ताह का प्रतीक हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं अपने संदेश में, उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रभु यीशु

मसीह का पुनरुत्थान लोगों को सत्य, प्रेम, करुणा, त्याग और क्षमा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता रहेगां

.........................................................................................................

राज्य सरकार ने रबी विपणन सत्र 2026–27 के लिए एमएसपी पर गेहूं खरीद के नये दिशा–निर्देश जारी किये हैं इन नियमों के तहत गेहूं की खरीद अब गिरदावरी आधार पर होगी और किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग व्यवस्था भी अनिवार्य की गई हैं सभी पंजीकृत किसानों को कल तक स्लॉट सुनिश्चित किया जाएगां इस बीच, प्रदेशभर में खरीद केन्द्रों पर गेहूं खरीद के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं वहीं, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कल पाली के सुमेरपुर, सांडेराव और तखतगढ़ केन्द्रों पर खरीद कार्य की शुरूआत कीं इस मौके पर श्री कुमावत ने बताया कि 30 जून तक खरीद प्रक्रिया जारी रहेगीं

.........................................................................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल इटावा में 68 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दीं उन्होंने इंडोर खेल स्टेडियम का लोकार्पण कियां इस दौरान कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री किरोड़ीलाल मीणा भी मौजूद रहें श्री बिरला ने इटावा सीएचसी में अंधड़ से घायल हुए लोगों का भी हाल जानां उन्होंने प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दियें इसके बाद मीडिया से बातचीत में श्री बिरला ने कहा कि ढीपरी चंबल–चाणदा पुल बनने से इटावा क्षेत्र की सम्पर्क सुविधा बेहतर होगीं

.........................................................................................................

वहीं कृषि मंत्री श्री मीणा ने कहा कि इस पुलिया के बनने से किसानों को उपज ले जाने में आसानी होगीं

.........................................................................................................

प्रदेश में आज और कल एसआई भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा हैं राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से हो रही इस परीक्षा के लिए 1 हजार 174 केन्द्र बनाये गये हैं परीक्षा के लिए 7 लाख 70 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं परीक्षा दोनों दिन दो–दो पारियों में सुबह 11 बजे से 1 बजे और दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगीं परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं पुलिस की सभी एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं वहीं एसओजी की ओर से नकल रोकने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई हैं परीक्षा केन्द्रों के आस–पास ई–मित्र और साइबर कैफे भी बंद रहेंगें इस बीच, कल राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती–2021 को पूरी तरह से रद्द करने के आदेश दिये हैं

.........................................................................................................

राज्य के ऊपर बने परिसंचरण तंत्र के असर से बीते 24 घंटों में कुछ हिस्सों में तेज आंधी और बारिश दर्ज की गईं इसके अलावा कोटा, टोंक, बूंदी, दौसा और श्रीगंगानगर में ओले भी गिरें मौसम विभाग के अनुसार कल जयपुर सहित 16 शहरों में बरसात हुईं प्रदेश में लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली है, वहीं फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा हैं आज दोपहर बाद सभी संभागों के कुछ हिस्सों में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आंधी–बारिश की गतिविधियां दर्ज होने की संभावना हैं वहीं कल इसका सबसे ज्यादा असर देखने को मिल सकता हैं

.........................................................................................................